# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांक: 0755–2678855


क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / 724 भोपाल, दिनांक : 24-03-2023

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त परीक्षा केन्द्र,
मध्यप्रदेश

विषयः– सत्र नवंबर, दिसंबर–2022 की परीक्षाओं में वीक्षक (Invigilator) के मानदेय देयकों की पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि सत्र नवंबर, दिसंबर–2022 की परीक्षाओं हेतु बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में वीक्षकीय कार्य हेतु तैनात किये गये वीक्षकों (Invigilators) के मानदेय देयकों (Remuneration Bill) की विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि हेतु दिनांक 20 / 03 / .2023 से 05 / 04 / 2023 तक के लिये लाइन खोल दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा रा.गां.प्रो.वि.वि. के सभी परीक्षा केन्द्रों के पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चात् **लिंक (Examination Tab => Fill Remuneration Details)** भेज दी गई है।

कृपया उपरोक्त तिथि में आवश्यक रूप से सही प्रविष्टि करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि वीक्षकीय कार्य केवल शिक्षकों द्वारा ही संपादित कराया जाये । अन्य पदों पर जैसे लायब्रेरियन अथवा क्लास–3 इत्यादि द्वारा कराया गया वीक्षकीय कार्य का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

पोर्टल पर की गई प्रविष्टि का प्रिंट आउट (हार्ड कॉपी) को प्राचार्य व परीक्षा अधीक्षक से सत्यापित करवाकर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा उपरोक्त की सॉफ्ट कॉपी ईमेल **ce@rgpv.ac.in** पर भेजना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी।

प्राचार्य व परीक्षा अधीक्षक से सत्यापित किये बिना मानदेय देयकों की हार्ड कापी मान्य नहीं की जावेगी तथा इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ0 क्रमांक / परीक्षा / रागांप्रौवि / 2023 / 725 भोपाल, दिनांक : 24-03-2023

प्रतिलिपि :–

01. लेखा शाखा (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल